प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 20.01.2026**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने नितिन नबीन–प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि श्री नबीन भाजपा की विरासत को आगे बढ़ाएंगे।

2– नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर छत्तीसगढ़ के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी मनाया जश्न।

3– सरगुजा संभाग में पहली बार होगा सरगुजा ओलंपिक का आयोजन–अट्ठाईस जनवरी से तीन मार्च तक होंगे विभिन्न खेलों के मुकाबले।

4– प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को उत्कृष्ट ढंग से लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ को चुना गया सर्वश्रेष्ठ राज्य।

**नितिन नबीन–राष्ट्रीय अध्यक्ष–01**

नितिन नबीन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में संगठन पर्व के अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय रिटर्निंग अधिकारी डॉक्टर के. लक्ष्मण ने उनके नाम की घोषणा की। श्री नबीन को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व के सभी अध्यक्षों के योगदान का अभिनंदन किया। श्री मोदी ने कहा कि नितिन नबीन ने हर कार्य को बखूबी निभाया है।

**माननीय नितिन नबीन जी हम सभी के अध्यक्ष हैं और उनका दायित्व सिर्फ भाजपा को भी संभालना इतना नहीं है। एनडीए के सब साथियों के बीच भी उन्होंने तालमेल का बहुत बड़ा दायित्व भी देखना होता है। माननीय नितिन जी के संपर्क में जो भी आया है वो उनकी सरलता और सहजता की चर्चा जरूर करता है। नितिन जी ने हमेशा जो–जो जिम्मेवारी मिली अपने आपको उन्होंने साबित किया है।**

प्रधानमंत्री ने भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बताया। उन्होंने कहा कि श्री नितिन पार्टी की विरासत को आगे बढ़ाएंगे। श्री मोदी ने कहा कि देश कभी भी घुसपैठियों को अपने नागरिकों और गरीबों के अधिकारों को लूटने की अनुमति नहीं देगा। श्री मोदी ने कहा कि संगठन की सबसे छोटी इकाई से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव तक पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा पर जनता का विश्वास लगातार मजबूत हुआ है। वहीं, पिछले ग्यारह वर्षों में पार्टी ने जनता का विश्वास जीतने का एक उल्लेखनीय सफर तय किया है।

श्री नबीन को भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी के साथ ही पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री  जे.पी.नड्डा ने भी बधाई दी है।

**<u>नितिन नबीन–राष्ट्रीय अध्यक्ष–02</u>**

नव–निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने इस पद पर पहुंचने का अवसर देने के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने पार्टी अध्यक्ष के रूप में चुने जाने के लिए अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं को भी धन्यवाद दिया।

**आज माननीय प्रधानमंत्री जी उसको आत्मसात करते हुए विकसित भारत की परिकल्पना हम सबके सामने रखी है और आज एक सौ 40 करोड़ भारतवासी अपने आपको इस विकसित भारत के सपने के साथ जोड़कर देश को आगे बढ़ाने में लगा है। मैं इसके लिए तह दिल से माननीय प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं।**

सोशल मीडिया पर लिखे अपने पोस्ट में श्री नबीन ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी में संगठन केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक संस्कार है। आज

भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने से एक साधारण कार्यकर्ता की असाधारण यात्रा को सम्मान मिला है और सेवा का दृढ़ संकल्प भी है। उन्होंने कहा है कि

पार्टी के वरिष्ठजनों और करोड़ों कार्यकर्ताओं के अटूट विश्वास और सहयोग से ही यह संभव हुआ है। श्री नबीन ने कहा कि यही विश्वास भाजपा को अन्य राजनीतिक दलों से अलग बनाता है। उन्होंने इस बात को विशेष रूप से रेखांकित किया कि भाजपा ने हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया है।

**<u>नितिन नबीन–राष्ट्रीय अध्यक्ष–03</u>**

श्री नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें बधाई दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि श्री नबीन का कार्यकाल पार्टी को नई गति प्रदान करते हुए राष्ट्रसेवा के संकल्प को और मजबूत करेगा।

वहीं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि श्री नबीन का नेतृत्व कार्यकर्ताओं को ऊर्जावान बनाएगा और पार्टी के आदर्शों को ऊंचाई प्रदान करेगा।

श्री नबीन के भाजपा अध्यक्ष बनने पर छत्तीसगढ़ के भाजपा कार्यकर्ताओं में भी खुशी का माहौल है। पार्टी के प्रदेश कार्यालय सहित विभिन्न जिला दफ्तरों में आज भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और मिठाई बांटकर जश्न मनाया।

**<u>हाईकोर्ट–मेडिकल पीजी</u>**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायाधीश बी.डी. गुरु की डिवीजन बेंच ने कहा है कि मेडिकल पीजी में प्रवेश के लिए पचास प्रतिशत सीटें और ओपन मेरिट के लिए पचास प्रतिशत सीटें आरक्षित रहेंगी। इन सीटों पर प्रवेश केवल संस्थागत आरक्षण के पात्र अभ्यर्थियों के बीच मेरिट के आधार पर

दिया जाएगा। वहीं, गैर संस्थागत आरक्षण बाकी पचास प्रतिशत सीटें ओपन कैटेगरी मानी जाएंगी। ओपन सीटों पर किसी प्रकार की संस्थागत आरक्षण लागू नहीं होगी।

**फसल बीमा–पुरस्कार**

छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य घोषित किया गया है। इसके लिए उद्यानिकी और कृषि विभाग को संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। प्रदेश को यह पुरस्कार कर्नाटक में अट्ठारह और उन्नीस जनवरी को आयोजित तेरहवें नेशनल रिव्यू कांफ्रेंस में दिया गया। उद्यानिकी विभाग की ओर से प्रभारी संयुक्त संचालक नीरज शाहा ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने विभाग के अधिकारियों को बधाई दी है।

**राज्यपाल–फ्लैगशिप योजना**

राज्यपाल रमेन डेका ने बेमेतरा जिले के टेमरी, गरियाबंद जिले के बिजली और खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले के सोनपुरी गांव में केन्द्र और राज्य शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्होंने मार्च महीने तक का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस संबंध में राज्यपाल ने आज लोकभवन में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में श्री डेका ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, पर्यावरण, जल संरक्षण, स्वच्छता, जैविक खेती और आजीविका से जुड़े कार्यों पर जोर दिया। गौरतलब है कि राज्यपाल ने इन तीनों गांवों को गोद लेकर इनके विकास का जिम्मा लिया है।

**प्रगति–कोयला मंत्रालय**

छत्तीसगढ़ में कोयला मंत्रालय की ''प्रगति'' प्लेटफॉर्म के अंतर्गत चार प्रमुख परियोजनाएं संचालित हैं, जिनकी कुल लागत उनतालीस हजार इकसठ करोड़  रूपये है। इनमें से चौदह हजार तीन सौ इंक्यानवे करोड़ रूपये की साउथ ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड–एसईसीएल कोयला खनन परियोजना शुरू हो चुकी है। जबकि, बाकी तीन परियोजनाओं को लागू करने की प्रक्रिया चल रही है। बताया गया है कि प्रधानमंत्री स्तर पर समीक्षा के बाद गेवरा और कुसमुंडा परियोजनाओं के लागू होने में तेजी आई है, जिससे राज्य में ऊर्जा सुरक्षा और रोजगार को मजबूती मिली है।

**<u>सीजीएमएससी घोटाला–गिरफ्तारी</u>**

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड–सीजीएमएससी घोटाला मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें समवन्यक की भूमिका निभाने वाले प्रिंस जैन, पंचकुला के अभिषेक कौशल और शारदा इंडस्ट्रीज के प्रोप्राईटर राकेश जैन शामिल हैं। बताया गया है कि प्रिंस जैन आरोपी शशांक चोपड़ा के रिश्तेदार हैं। गिरफ्तार आरोपियों को आज रायपुर विशेष न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें सत्ताईस जनवरी तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

**<u>ऑटो एक्सपो</u>**

रायपुर के सड्ढू स्थित श्रीराम बिजनेस पार्क में आज से ऑटो एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन द्वारा पांच फरवरी तक आयोजित किए जा रहे इस एक्सपो में परिवहन विभाग द्वारा वाहन खरीदी पर आरटीओ टैक्स में पचास प्रतिशत की छूट दी जा रही है। वाहन खरीदने के लिए प्रदेश के लोगों को रायपुर आने की आवश्यकता नहीं होगी। वे अपने शहर अथवा गांव के निकटतम प्रतिभागी–पंजीकृत डीलरों के माध्यम से भी इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

## चित्रोत्पला फिल्म सिटी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल इक्कीस जनवरी को नवा रायपुर के माना–तूता में प्रस्तावित चित्रोत्पला फिल्म सिटी एंड कन्वेंशन सेंटर का भूमिपूजन करेंगे। सौ एकड़ क्षेत्र में बनने जा रहे इस फिल्म सिटी में अत्याधुनिक स्टूडियो, स्थायी सेट्स, स्कूल, अस्पताल, जेल, पुलिस स्टेशन और कृत्रिम नदी–पर्वत, कन्वेंशन सेंटर, जनजातीय सांस्कृतिक केंद्र, ई–बस सेवा और रिसॉर्ट्स, प्री–पोस्ट प्रोडक्शन के साथ ही आवास व्यवस्था, फूड कोर्ट और तालाब–उद्यान जैसी सुविधाएं होंगी।

## सरगुजा ओलंपिक

सरगुजा संभाग में पहली बार सरगुजा ओलंपिक का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने बताया कि सरगुजा ओलंपिक के तहत तीन चरणों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इनमें विकासखंड स्तर पर अट्ठाईस जनवरी से तीन फरवरी, जिला स्तर पर पांच से दस फरवरी और संभाग स्तर पर एक से तीन मार्च तक विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। सरगुजा ओलंपिक में भाग लेने के लिए युवा पच्चीस जनवरी तक ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल इक्कीस जनवरी को मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी।

– भिलाई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी में "जेंडर मोडालिटीस ऑफ़ रेमेम्बेरिंग इन साउथ एशिएन लिटरेचर" शीर्षक पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

–       मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले की ग्राम पंचायत करमरी में विकसित भारत – जी राम जी योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने मानव श्रृंखला बनाकर 'आत्मनिर्भर गांव – विकसित भारत' का संदेश दिया।

–       बलरामपुर जिले के राजपुर में धान खरीदी के दौरान टोकन की समस्या को लेकर किसानों ने अंबिकापुर–रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मंडी प्रांगण के धान खरीदी केंद्र के पास चक्काजाम किया।

–       दुर्ग के जिला रोजगार तथा स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में बाईस जनवरी को रोजगार शिविर का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>